दिनाँक : 12/12/2021 हिन्दुस्तान

# प्रथम तीन स्थान पाने वाले प्रतिभागी हुए पुरस्कृत

**सड़क सुरक्षा सप्ताह**

अंबेडकरनगर | संवाददाता

वर्तमान वित्तीय वर्ष के तृतीय सड़क सुरक्षा सप्ताह के छठवें दिन शनिवार को परिवहन विभाग ने चेकिंग अभियान के साथ पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया। समारोह जहां एआरटीओ कार्यालय में आयोजित हुआ वहीं प्रवर्तन की कार्रवाई विभिन्न सड़कों पर हुई। इससे पुरस्कार पाने वालों के जहां चेहरे खिल गए वहीं प्रवर्तन कार्रवाई की जद में आने के चेहरे लटक गए।

सड़क सुरक्षा सप्ताह के छठवें दिन प्रदूषण जांच केंद्रों की हुई चेकिंग में मानक से अधिक प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों की चेकिंग की गई। साथ ही मॉडिफाइड साइलेंसर, हुटर, प्रेशर हार्न की चेकिंग एआरटीओ वीडी मिश्र की ओर से की गई। वहीं सड़क सुरक्षा सप्ताह के दौरान प्राथमिक स्तर के (कक्षा छह से आठ तक), माध्यमिक शिक्षा स्तर के (कक्षा नौ से 12 तक) तथा उच्च शिक्षा के (स्नातक-परास्नातक कालेजों) में अध्ययनरत छात्रों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए ब्लॉक और जनपद स्तरीय प्रतियोगिताओं के प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को परिवहन विभाग की ओर से प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। साथ ही पुरस्कार की राशि उनके खाते में भेजने की कार्रवाई की गई है। प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार रमाबाई राजकीय महिला महाविद्यालय अकबरपुर के लेखन प्रतियोगिता में प्रथम रहीं अंकिता वर्मा, द्वितीय स्थान की सौम्या सोनी और तृतीय स्थान की अंशिका सिंह को मिला। इसी तरह इसी कालेज की चित्रकला में प्रथम सारिका सिंह, द्वितीय प्रियल तृतीय संध्या गौड़ को पुरस्कृत किया गया। वहीं भानमती स्मारक पीजी कॉलेज अकबरपुर के क्विज प्रतियोगिता के प्रथम स्थान प्राप्त शिवम विश्वकर्मा व द्वितीय स्थान प्राप्त सोनू को और तृतीय स्थान तृतीय स्थान प्राप्त रमाबाई की सोनम मौर्य को क्विज प्रतियोगिता का पुरस्कार दिया गया। माध्यमिक स्तर की चित्रकला प्रतियोगिता में अव्वल सावित्रीबाई फुले जीआईसी कुर्की की रोली मौर्या को लेखन में प्रथम स्थान का, पंडित राम अवध स्मारक मसेना मिर्जापुर को लेखन रिया वर्मा को, जीआईसी अकबरपुर कायनात बानो क्विज प्रतियोगिता का, चित्रकला में अव्वल जीजीआईसी कुर्की की जूही को प्रथम पुरस्कार दिया गया। कुर्की की जूही को चित्रकला में प्रथम, कुमारी आंचल भारती को लेखन में द्वितीय, क्विज में रिया सिंह द्वितीय स्थान के लिए पुरस्कृत किया गया। इसी तरह जीआईसी अकबरपुर की रूचि को चित्रकला का तृतीय स्थान प्राप्त करने का, जीजीआईसी कुर्की की मुस्कान को लेखन में तृतीय स्थान प्राप्त करने का और राम अवध स्मारक मसेना मिर्जापुर के विजय को क्विज प्रतियोगिता में तृतीय स्थान का प्राप्त करने प्रमाण पत्र और पुरस्कार दिया गया। पुरस्कार वितरण जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भोलेन्द्र प्रताप सिंह, एआरटीओ वीडी मिश्र ने किया।



शनिवार को एआरटीओ कार्यालय में प्रतिभागियों को पुरस्कृत करते एआरटीओ वीडी मिश्र।

दिनाँक : 14/12/2021 अमर उजाला



**my city** मंगलवार • 14.12.2021 **अमर उजाला** 3

# हॉकी में देव इंद्रावती की टीम चैंपियन

## रमाबाई राजकीय डिग्री कॉलेज की टीम को किया पराजित, कटेहरी स्थित महाविद्यालय में हुआ आयोजन, 10 टीमों ने लिया हिस्सा

संवाद न्यूज एजेंसी

कटेहरी (अंबेडकरनगर)। डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के तत्वावधान में सोमवार को देव इंद्रावती महाविद्यालय में अंतर महाविद्यालयीय हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इसमें अवध विश्वविद्यालय से संबद्ध 10 महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया।

फाइनल मुकाबला देव इंद्रावती महाविद्यालय कटेहरी व रमाबाई राजकीय डिग्री कॉलेज अकबरपुर की टीम के बीच खेला गया। इसमें देव इंद्रावती की टीम ने रमाबाई राजकीय डिग्री कॉलेज की टीम को 5-1 के अंतर से पराजित कर ट्रॉफी अपने नाम कर ली। विजेता व उप विजेता टीम के खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया।

देव इंद्रावती महाविद्यालय कटेहरी में आयोजित अंतर महाविद्यालयीय हॉकी प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला हॉकी एसोसिएशन के सचिव डॉ. हनुमान प्रताप सिंह ने किया। उन्होंने खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर उनका उत्साहवर्धन किया। कहा कि युवाओं को खेल प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भागीदारी करनी चाहिए। खेल के क्षेत्र में युवाओं के लिए बेहतर भविष्य है। युवाओं को इस क्षेत्र में बेहतर कॅरियर की तलाश करनी चाहिए। इससे वह न सिर्फ अपना जीवन बेहतर बना सकेंगे, बल्कि देश व प्रदेश का नाम भी रोशन कर सकेंगे। हॉकी प्रतियोगिता में विभिन्न महाविद्यालयों की कुल 10 टीमों ने हिस्सा लिया। फाइनल मुकाबला देव इंद्रावती महाविद्यालय कटेहरी व रमाबाई राजकीय डिग्री कॉलेज अकबरपुर की टीम के बीच खेला गया। इसमें देव इंद्रावती की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मुकाबले में एकतरफा 5-1 के अंतर से जीत दर्ज की। मुख्य अतिथि डॉ. हनुमान ने विजेता टीम को ट्रॉफी सौंपकर सम्मानित किया।

महाविद्यालय के प्रबंधक डॉ. राना रणधीर सिंह ने उप विजेता टीम के खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए उनका हौसला अफजाई किया। कहा कि खेल प्रतियोगिताओं को हार-जीत के नजरिए से नहीं देखना चाहिए। बल्कि खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन पर फोकस करना चाहिए। खेल प्रतियोगिता के दौरान बतौर पर्यवेक्षक डॉ. योगेश्वर सिंह व डॉ. विनय सिंह भी मौजूद रहे। इससे पहले संयोजक डॉ. आकाश श्रीवास्तव ने मुख्य अतिथि का माला पहनाकर स्वागत किया।

हॉकी संघ के कोषाध्यक्ष आशाराम ने एसोसिएशन की तरफ से संघ अध्यक्ष डॉ. राना रणधीर सिंह को स्मृति चिह्न भेंटकर स्वागत किया। निर्णायक की भूमिका अतुल वर्मा, अख्तर अहमद खान, उपेंद्र यादव, मोहम्मद हफीज, जबकि कमेंटेटर की भूमिका यशवंत सिंह ने निभाई। इस मौके पर डॉ. बीरबल शर्मा, प्राचार्य डॉ. [illegible] डॉ. राजेश कुमार, मनोज सिंह, [illegible] डॉ. साधना श्रीवास्तव, [illegible] अभिनंदन सिंह, नीरज पटेल [illegible] मौजूद रहे।



अंबेडकरनगर के कटेहरी में खेल प्रतियोगिता में विजयी टीम के साथ मौजूद अतिथि। संवाद

Scanned by CamScanner

एकलव्य स्टेडियम में आयोजित हुई अवध विश्वविद्यालय की अन्तर महाविद्यालयी तैराकी प्रतियोगिता

# 100 मीटर बटर फ्लाई तैराकी में शिवनायक अव्वल

अम्बेडकरनगर | संवाददाता

रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय अकबरपुर के क्रीड़ा विभाग की ओर से अन्तर महाविद्यालीय तैराकी प्रतियोगिता का आयोजन एकलव्य स्टेडियम में हुआ। प्रतियोगिता में डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या से सम्बद्ध महाविद्यालयों के तैराकों ने प्रतिभाग किया। महाविद्यालय क्रीड़ा विभाग प्रभारी डॉ राजेश कुमार के संयोजन में हुई इस प्रतियोगिता का संचालन डॉ अखिलेन्द्र प्रताप सिंह ने किया।

प्रतियोगिता के 50 मीटर बैक में पवन निषाद ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।



एकलव्य स्टेडियम में अवध विश्वविद्यालय के पर्यवेक्षक को स्मृति चिह्न देती प्राचार्य।

100 मीटर बटरफ्लाई में प्रथम स्थान शिव नायक प्रजापति एवं 50 मीटर में प्रथम स्थान ऋषीकेश ने प्राप्त किया। 100 मीटर फ्री स्टाइल मे प्रथम स्थान आशीष यादव एवं 50 मीटर में मनीष यादव ने प्राप्त किया। 200 मीटर फ्री स्टाइल में अतीश कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। महिला फ्री स्टाइल 50 मीटर में प्रथम स्थान अंकिता मौर्य ने प्राप्त किया। 400 मीटर फ्री स्टाइल में प्रथम स्थान अनूप चौहान, 200 मीटर बटरफ्लाई में विवेक सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

इस मौके पर प्राचार्य प्रो. शेफाली सिंह ने कहा कि खेल अच्छे स्वास्थ्य के साथ मित्रता की भावना विकसित करता है। प्रतियोगिता में पर्यवेक्षक के तौर पर शिवचरन सिंह एवं आलोक श्रीवास्तव, उप जिला क्रीड़ा अधिकारी शकील सिद्दिकी, डॉ अरविन्द वर्मा, डॉ सुधा, डॉ विजय लक्ष्मी यादव, डॉ नन्दन सिंह, डॉ संगीता, डॉ महेन्द्र यादव, रवीन्द्र वर्मा, चन्द्रभान, सीता पाण्डेय, डॉ राजेश यादव, डॉ अजीत प्रताप मौजूद रहे।

दिनाँक : 16/12/2021 आदित्य टाइम्स



# क्रीड़ा विभाग द्वारा अन्तर्महाविद्यालीय तैराकी प्रतियोगिता का आयोजन जिले के एकलव्य स्टेडियम में किया गया

आदित्य टाइम्स संवाद

अम्बेडकरनगर– रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय अकबरपुर अम्बेडकर नगर के क्रीडा विभाग द्वारा अन्तर्महाविद्यालीय तैराकी प्रतियोगिता का आयोजन जिले के एकलव्य स्टेडियम मे किया गया। मुख्य अतिथि के रूप महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो शेफाली सिंह ने कहा खेल अच्छे स्वास्थ्य के साथ ही मित्रता की भावना विकसित करते हैं। प्रतियोगिता में डा राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय फैजाबाद, अयोध्या से सम्बद्ध महाविद्यालयों के तैराकों ने सहभागिता की। क्रीडा विभाग के प्रभारी डा राजेश कुमार के संयोजन में सम्पन्न हुई इस प्रतियोगिता का सचालन डॉ अखिलेन्द्र प्रताप सिंह ने किया। 50 मी बैक में पवन निषाद ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 100 मी बटरफ्लाई मे प्रथम स्थान शिव नायक प्रजापति एव 50 मी मे प्रथम स्थान ऋषीकेश ने प्राप्त किया, 100 मी फ्री स्टाइल मे प्रथम स्थान आशीष यादव एवं 50 मी मे मनीष यादव ने प्राप्त किया। 200 मी फ्री स्टाइल मे अतीश कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। महिला फ्री स्टाइल 50 मी मे प्रथम स्थान अकिता मौर्य रहीं। 400 मी फ्री स्टाइल मे प्रथम स्थान अनूप चौहान ने प्राप्त किया। 200 मी बटरफ्लाई में विवेक सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर प्रतियोगिता के पर्यवेक्षक



शिवचरन सिंह एवं आलोक श्रीवास्तव, उप जिला क्रीडा अधिकारी शकील सिद्दिकी, डॉ अरविन्द वर्मा, डा सुधा, डॉ विजय लक्ष्मी यादव, डा नन्दन सिंह, डा सगीता, डा महेन्द्र यादव, रवीन्द्र वर्मा, चन्द्रभान, सीता पाण्डेय, डॉ राजेश यादव, डा अजीत प्रताप सिंह मौजूद रहे।

Scanned by CamScanner

36
2021-22

आदित्य टाइम्स - 17/12/2021

# डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या से संबध्द महाविद्यालयों की अन्तर्महाविद्यालीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन

आदित्य टाइम्स संवाद

अम्बेडकरनगर। रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय अकबरपुर



अम्बेडकर नगर के क्रीडा विभाग द्वारा डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या से संबद्ध महाविद्यालयों की अन्तर्महाविद्यालीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो शेफाली सिंह ने कहा कि हमे खेल भावना से खेलकर हमेशा मिशाल पेश करनी चाहिए, खेल व्यक्तित्व विकास में सहायक होते हैं। प्रतियोगिता में डा राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या से सम्बद्ध अनेक महाविद्यालयों की फुटबॉल टीमो ने प्रतिभाग किया। क्रीडा विभाग प्रभारी डा राजेश कुमार के संयोजन में सम्पन्न हुई इस प्रतियोगिता का संचालन डॉ अखिलेन्द्र प्रताप सिंह ने किया। जवाहर लाल नेहरू पीजी कालेज बाराबंकी की टीम ने इस प्रतियोगिता मे जीत हासिल की। उपविजेता डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या की फुटबॉल टीम रही। प्रतियोगिता के पर्यवेक्षक सज्जाद आलम एव अनुराग पाण्डेय ने अपनी भूमिका निभाई। इस अवसर पर डॉ अरविन्द वर्मा, डा नन्दन सिंह, डा महेन्द्र यादव, डा. रवीन्द्र वर्मा, चन्द्रभान, डा मनोज गुप्ता, डॉ राजेश यादव डा अतुल कुमार कनौजिया मौजूद रहे।

---

हिन्दुस्तान लखनऊ • मंगलवार • 28 दिसंबर 2021 • 04

# रमाबाई में टैबलेट और स्मार्टफोन का वितरण

**समारोह**

- 200 छात्राओं में वितरण के लिए आयोजित हुआ समारोह
- तकनीकी दृष्टिकोण से दक्ष करने के लिए किया गया वितरण

अम्बेडकरनगर | संवाददाता

प्रदेश के मुख्यमंत्री की एक करोड़ युवाओं को तकनीकी दृष्टिकोण से दक्ष करने के लिए टैबलेट व स्मार्टफोन वितरण योजना के तहत स्थानीय जिला प्रशासन की ओर से चयनित रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय की 200 छात्राएं लाभान्वित हुई। प्रथम स्तर पर मुख्यमंत्री की ओर से टैबलेट व स्मार्टफोन दिया गया।

जिले की उच्च शिक्षा विभाग की नोडल अधिकारी रमाबाई की प्राचार्य प्रो. शेफाली सिंह एवं महाविद्यालय स्तर पर नामित नोडल अधिकारी डॉ. मनोज गुप्ता के संयोजन में सोमवार को समारोह आयोजित हुआ। समारोह में टैबलेट व स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम किया गया।

महाविद्यालय की उपलब्धि पर जहां डॉ अरविन्द कुमार वर्मा, डॉ सुधा, डॉ अरूण कान्त गौतम, डॉ शाहिद परवेज, डॉ विश्वनाथ द्विवेदी, डॉ रवीन्द्र वर्मा ने हर्ष व्यक्त किया वहीं वितरण समारोह में डॉ राजेश कुमार, डॉ अखिलेन्द्र प्रताप सिंह, डॉ नन्दन सिंह, डॉ विजयलक्ष्मी यादव, डॉ चन्द्रभान, डॉ सीता पाण्डेय, डॉ राजेश यादव, डॉ भानू प्रताप राय एवं डॉ अजीत प्रताप सिंह अम्बेडकरनगर से लखनऊ तक छात्राओं के साथ व्यवस्था अधिकारी के रूप सहयोग किया।

Scanned by CamScanner

# रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 23 वां वार्षिक क्रीड़ा समारोह रंगारंग कार्यक्रमों के साथ हुवा प्रारंभ

AYODHYALIVE ( EDITOR )

February 19, 2022 4:08 pm



Listen

Advertisements

Airtel Broadband @49

Choose 6-month Airtel Xstream Wi-f and Save upto ₹2,300 with Plans Star @799

Have you secured your family with an adec
Get a life cover of ₹2 Crore



Scanned by CamScanner

दिनाँक : 19/02/2022 यूपी 45 फस्ट न्यूज

(62)
2021-22

# 23 वां वार्षिक क्रीड़ा समारोह रंगारंग कार्यक्रमों के साथ हुआ प्रारंभ

UP 45 First News    February 19, 2022    Last Updated: February 19, 2022











**अंबेडकरनगर(अकबरपुर):-**








Scanned by CamScanner

2021-22

# निराला साहित्य समाचार पत्र

## दो दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा समारोह का हुआ समापन

February 20, 2022



*दो दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा समारोह का हुआ समापन*

अम्बेडकर नगर,रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय अकबरपुर अम्बेडकर नगर में चल रहे 23 वें दो दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा समारोह का समापन हो गया। क्रीड़ा सचिव डॉ राजेश कुमार के संयोजन में चल रहे क्रीड़ा समारोह की मुख्य अतिथि महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर शेफाली सिंह रहीं। प्रो शेफाली सिंह ने अपने वक्तव्य में कहा कि यह दो दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा समारोह खेल भावना के साथ संपन्न हुआ, इसके लिए महाविद्यालय परिवार बधाई का पात्र हैं। मुख्य अतिथि ने कहा कि खेलों में हमेशा खेल भावना का पालन करते हुए प्रतिभाग करना चाहिए, खेल हमें शारीरिक मजबूती के साथ ही मानसिक मजबूती भी प्रदान करते हैं। अंकिता वर्मा को महाविद्यालय की चैंपियन छात्रा चुना गया, अंकिता ने 200 मी दौड़, 400 मी दौड़, 800 मी दौड़ एवं ऊंची कूद में प्रथम स्थान प्राप्त कर चैंपियन का खिताब जीता। 100 मी दौड़ में प्रथम स्थान श्वेता मिश्रा एवं द्वितीय स्थान रीना राजभर एवं तृतीय



Scanned by CamScanner

(68)
2021-22

दिनाँक : 20/02/2022 अमर उजाला

# 23वां वार्षिक क्रीड़ा समारोह में छात्राओ रंगारंग कार्यक्रमों से शमां बांधी

अम्बेडकर नगर

रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय अकबरपुर में शनिवार को 23वां वार्षिक क्रीड़ा समारोह रंगारंग कार्यक्रमों के साथ प्रारंभ हुआ। महाविद्यालय की प्राचार्य व संरक्षक प्रोफेसर शेफाली सिंह ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। छात्राओं ने वाणी वंदना प्रस्तुत कर मां भारती के चरणो में आस्था निवेदित की। डॉ.सीमा यादव ने बैज अलंकरण एवं माल्यार्पण कर मुख्य अतिथि एवं अध्यक्ष का स्वागत किया। तत्पश्चात मुख्य शास्त्र एवं अन्य शिक्षकों का बैज अलंकरण द्वारा सम्मान किया गया। महाविद्यालय की छात्राओं ने स्वागत गीत के माध्यम से अतिथियों के प्रति भाव सुमन अर्पित किए। छात्राओं ने बसंत गीत के माध्यम से प्रकृति का श्रृंगार-राग प्रस्तुत कर उपस्थित जनों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्राचार्य व संरक्षक प्रोफ़ेसर शेफाली सिंह ने अपने आशीर्वादात्मक उद्बोधन से



समस्त खिलाड़ी छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि विद्यार्थी जीवन में शिक्षा के साथ खेलकूद का विशेष महत्व है। उन्होंने कहा कि खेलों से विद्यार्थियों में अनुशासन, प्रतिस्पर्धा, परिश्रम की भावना भी उत्पन्न होती है, जो बच्चों को अपने जीवन के लक्ष्य को हासिल करने में सार्थक सिद्ध होती है। ध्वजारोहण एवं मार्च पास्ट के द्वारा कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन हुआ। आज लंबी कूद, 400 मीटर दौड़, गोला प्रक्षेपण प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। गोला प्रक्षेपण में प्रथम स्थान-दीपिका वर्मा, द्वितीय स्थान-ज्योति प्रजापति तृतीय स्थान -श्रद्धा उपाध्याय ने प्राप्त किया। लंबी कूद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान -लक्ष्मी, द्वितीय स्थान- दीपिका वर्मा, तृतीय स्थान -श्रद्धा उपाध्याय ने प्राप्त किया। 400 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान- अंकिता वर्मा, द्वितीय स्थान -अंकिता यादव व तृतीय स्थान -आराधना ने प्राप्त किया। क्रीड़ा प्रभारी डॉ राजेश कुमार ने उपस्थित जनों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन सुधी डॉ विश्वनाथ द्विवेदी ने किया। इस अवसर पर मुख्य शास्ता डॉ अरविंद वर्मा, डॉ सुधा, डॉ. शाहिद परवेज, डॉ.अरुण कांत गौतम, डॉ.पूनम, रवींद्र कुमार वर्मा, डॉ. अतुल कुमार कनौजिया, डॉ अखिलेन्द्र प्रताप सिंह, कुंवर संजय भारती, चंद्रभान, डॉ.सतीश उपाध्याय, डॉ भानु प्रताप राय, डॉ. वालेंतिना प्रिया, डॉ मनोज गुप्ता, डॉ नंदन सिंह, डॉ अजीत प्रताप सिंह, विजयलक्ष्मी यादव, सीता पांडेय ,डॉ सुनीता सिंह, डॉ. वी.पी.सिंह, डॉ राजेश यादव डॉ महेंद्र यादव व अवधेश नंदनी आदि ने छात्राओं का उत्साहवर्धन किया।

दिनाँक : 20/02/2022 आनंदी मेल

# 23 वें दो दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा समारोह का समापन

आनन्दी मेल संवाददाता



अम्बेडकर नगर। रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय अकबरपुर अम्बेडकर नगर में चल रहे 23 वें दो दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा समारोह का समापन हो गया। क्रीड़ा सचिव डॉ राजेश कुमार के संयोजन में चल रहे क्रीड़ा समारोह की मुख्य अतिथि महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर शेफाली सिंह रहीं। प्रो शेफाली सिंह ने अपने वक्तव्य में कहा कि यह दो दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा समारोह खेल भावना के साथ संपन्न हुआ, इसके लिए महाविद्यालय परिवार बधाई का पात्र है। मुख्य अतिथि ने कहा कि खेलों में हमेशा खेल भावना का पालन करते हुए प्रतिभाग करना चाहिए, खेल हमें शारीरिक मजबूती के साथ ही मानसिक मजबूती भी प्रदान करते हैं। अंकिता वर्मा को महाविद्यालय की चैंपियन छात्रा चुना गया, अंकिता ने 200 मी दौड़, 400 मी दौड़, 800 मी दौड़ एवं ऊंची कूद में प्रथम स्थान प्राप्त कर चैंपियन का खिताब जीता। 100 मी दौड़ में प्रथम स्थान श्वेता मिश्रा एवं द्वितीय स्थान रीना राजभर एवं तृतीय स्थान साधना ने प्राप्त किया। 200 मी दौड़ में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान क्रमशः अंकिता वर्मा, रीना राजभर एवं श्वेता मिश्रा ने प्राप्त किया। 400 मी दौड़ में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान क्रमशः अंकिता वर्मा, अंकिता यादव एवं आराधना ने प्राप्त किया। 800 मी दौड़ में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान क्रमशः अंकिता वर्मा, श्वेता मिश्रा एवं अंकिता यादव ने प्राप्त किया। क्रिकेट बॉल थ्रो में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान क्रमशः ज्योति प्रजापति, दीपिका वर्मा एवं आराधना ने प्राप्त किया। कबड्डी में बीए द्वितीय वर्ष की छात्राएं विजेता एवं एमए प्रथम वर्ष की छात्राएं उपविजेता रहीं। ऊंची कूद में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान क्रमशः अंकिता वर्मा, सविता विश्वकर्मा एवं शोभा सिद्दीकी ने प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ विश्वनाथ द्विवेदी एवं आभार ज्ञापन डॉ राजेश कुमार द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ अरविंद कुमार वर्मा, डॉ सुधा, डॉ शाहिद, डॉ अरुण कांत, डॉ सीमा यादव, डॉ पूनम, डा रवीन्द्र, डॉ नंदन, डा अखिलेंद्र, डा आनंद, डा मनोज गुप्ता, कुंवर संजय भारती, डॉ वी पी सिंह, डा महेन्द्र, डॉ राजेश यादव, डा संगीता, डॉ चन्द्रभान, डा वालेंतिना, डॉ सुनीता, डॉ भानु प्रताप, सतीश उपाध्याय, डा सीता पाण्डेय, अवधेश नन्दिनी आदि मौजूद रहे।

Scanned by CamScanner